दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, रविवार 2 दिसम्बर 2018
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### 15 साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर किया गर्भवती, आरोपी दो बच्चों का पिता

रायपुर। घटना दुर्ग जिले की है, जहां एक 15 साल की नाबालिग दुष्कर्म का शिकार हुई है। आरोपी 6 महीने तक नाबालिग का दैहिक शोषण करता रहा। जब नाबालिग प्रग्नेंट हुई तोज़. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दो बच्चों के पिता ने एक नाबालिग को बहलाकर दैहिक शोषण किया। वह छह माह से नाबालिग की अस्मत से खेल रहा था। इसका खुलासा नाबालिग के गर्भवती होने पर हुआ। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376 और पॉक्सो एक्ट के तहत प्रकरण दर्जकर उसे गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक आरोपी रेलवे फाटक के पास दुकान लगाकर नारियल पानी बेचता है। वह शादीशुदा दो बच्चों का पिता है। आरोपी के घर के पास ही 15 साल की पीड़ित नाबालिग का भी घर है। नाबालिग के माता पिता हर दिन सुबह काम पर निकल जाते है । आरोपी इसका फायदा उठाकर नाबालिग का दैहिक शोषण कर रहा था। नाबालिग गर्भवती हो गई और उसने यह बात अपनी सहेली को बताई। सहेली की मदद से डॉक्टर से जांच कराई। जांच में गर्भवती होने की पुष्टि हुई। तब उसने इसकी जानकारी माता पिता को दी।

### 17 राइस मिलों को उत्पादन बंद करने के निर्देश, विद्युत लाइन भी काटी गई

रायगढ़। पर्यावरण अधिनियम के नए नियमों का पालन नहीं करने पर जिले की 17 राइस मिल संचालकों को उनके राइस मिल में उत्पादन बंद करने के साथ-साथ बिजली काटने का आदेश जारी किया गया है। पर्यावरण विभाग ने तत्काल प्रभाव से सभी 17 राइस मिलों के संचालकों को इसका आदेश जारी करते हुए नियमों की अनदेखी करने के तहत कार्रवाई का हवाला दिया है। छत्तीसगढ़ में नए पर्यावरण की धारा जल अधिनियम 33 के के अंतर्गत राइस मिलों से निकलने वाले दूषित पानी के निष्पादन और उनकी चिमनियों से निकलने वाले धुंए के लिए नए तरीके से अत्याधुनिक यंत्र लगाने को कहा था और इसके लिए बकायदा एक बार नहीं बल्कि 10 बार से भी अधिक नोटिस जारी करते हुए समय सीमा के भीतर इस नियम को पूरा करने के लिए भी कहा गया था, लेकिन 17 राइस मिल संचालकों ने पर्यावरण विभाग के इस आदेश की लगातार अनदेखी की। इसके चलते पर्यावरण विभाग ने सभी 17 राइस मिलों के उत्पादन पर रोक लगाते हुए उनके विद्युत कनेक्शन काटने के आदेश जारी किए हैं।

### दिसंबर में बिलासपुर -झारसुगड़ा डाउन लाइन की कई गाड़ियां होगीं प्रभावित

रायगढ़। बिलासपुर-झारसुगुडा डाउन लाइन में अपरिहार्य परिचालन कारणों के फलस्वरुप कुछ गाड़ियां प्रभावित रहेगी। बिलासपुर रेल मंडल के बिलासपुर-झारसुगुड़ा डाउन लाइन में दिनांक 04 से 25 दिसम्बर, तक प्रत्येक मंगलवार को 15.30 बजे से 21.30 बजे तक एवं 01 से 29 दिसम्बर तक प्रत्येक शनिवार को 05 बजे से 3 बजे तक अपरिहार्य परिचालन परिस्थितियों के फलस्वरूप इस दौरान मंडल से चलने वाली कुछ सवारी गाड़ियों, होकर जाने वाली एक्सप्रेस गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा जिसका विस्तृत विवरण इस प्रकार है।

## होटल अर्पण में हुई पूर्व अजाक टीआई की मौत



रायगढ़। रायगढ़ अजाक थाना के पूर्व टीआई एमआर रात्रे की होटल अर्पण में मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि उनकी मौत संभवतः हार्ट अटैक से हुई है।

उल्लेखनीय है कि टीआई रात्रे कल रात ही होटल अर्पण में आकर रुके थे,और आज सुबह नित्यकर्म के दौरान ही अचानक उनकी तबियत बिगड़ी, जिसके बाद वो बाथरूम में ही अचेत हो गए, उन्हें होटल स्टॉफ ने अचेतावस्था में ही संजीवनी 108 की मदद से हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक जांच के उपरांत उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बता दें कि चुनाव के पूर्व ही उनका ट्रांसफर जांजगीर हुआ था, इसके पहले वो रायगढ़ अजाक थाना में ही पदस्थ थे।

## नेशनल हाइवे में डंपर ने बाइक सवार को मारी ठोकर




रायगढ़ । नेशनल हाइवे पर जूटमिल चौकी क्षेत्र के ग्राम सहदेवपाली के पास डंपर की ठोकर से बाइक सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।

रोहित पाणिग्रही पिता फकीर मोहन उम्र 47 वर्ष सरिया लिपटी ग्राम निवासी है । वह अपने चाचा अखिल माणिक 65 वर्ष को लेकर रायगढ़ आ रहा था। सुबह लगभग नौ बजे नेशनल हाइवे पर ग्राम सहदेवपाली के पास पीछे से आ रही डंपर ने उसे ठोकर मार दिया। इससे मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 यूबी 8202 में सवार दोनों व्यक्ति दूर छिटक गए। दोनों के सिर, हाथ व पैर में गम्भीर चोटें आई है। अखिल माणिम अपनी आंख का ऑपरेशन कराने रायगढ़ आ रहा था। हादसे का शिकार अखिल माणिक की हालत नाजुक बनी हुई है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। बार बार हो रहे हादस से लोगों का गुस्सा भड़कने लगा। लोग अशांत होकर प्रदर्शन करते इससे पहले ही पुलिस ने उन्हें शांत करवाया। बहरहाल पीड़ितों की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है।

नेशनल हाइवे सारंगढ़ सराईपाली में आये दिन सड़क दुघर्टना हो रही है। इसमें कभी अधूरा निर्माण तो उड़ते धूल के गुब्बार तो कभी तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आकर लोग घायल हो रहे हैं। शुक्रवार की घटना के बाद आक्रोशित लोग सड़क आ गए, उन्हें काफी समझाइश के बाद पुलिस ने शांत कराया।

सड़क दुर्घटना की जानकारी मिली थी, जिस पर मौके पर टीम भेजा गया था। दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला आस्पताल में भर्ती किया गया है।

## ओडिशा का धान खपाता था बिचौलिया, रेंगालपाली में 574 बोरा धान जब्त

रायगढ़। खाद्य विभाग ने रेंगालपाली में एक धान के कोचिया पर कार्रवाई की है। शुक्रवार को गांव में



उसके गोदाम में छापा मारकर 574 बोरा धान का अवैध भंडार जब्त किया है और मंडी एक्ट के तहत ग्रामीण पर केस दर्ज किया है। आरोपी यह धान ओडीसा एवं बार्डर के आसपास के किसानों से खरीदकर मंडी व मिलरों को खपाया करता था।

चुनाव के बाद धान खरीदी में बढ़ोतरी हुई है तो वहीं बोनस के लालच में समितियों में धान की बोगस खरीदी के लिए भी जोड़-तोड़ शुरू हो गए हैं। धान के अवैध परिवहन पर लगाम कसने के लिए कलेक्टर ने जांच टीम बनाई हुई है। शुक्रवार को सुबह एएफओ संतोष दुबे को सूचना मिली कि रेंगालपाली में एक ग्रामीण के पास बड़ी मात्रा में धान का स्टाक मौजूद है। जिसे कि वह किसानों के नाम से मंडी में खपाने की फिराक में है। इसके बाद एएफओ अपने साथ फूड इंस्पेक्टर राजन कश्यप एवं तरूण नायक व मंडी इंस्पेक्टर को साथ लेकर जांच के लिए निकले।

## नाबालिक लड़की ने खाया जहर, हालत नाजुक



रायगढ़। सारंगढ़ के गोड़ा गांव में खेतों में डाले जानेवाली कीटनाशक दवा का खाकर 17 साल की एक नाबालिक युवती ने आत्महत्या का प्रयास किया है। युवती को ईलाज के लिए रायगढ़ मेकाहारा में भर्ती कराया गया है। लड़की की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

जानकारी के मुताबिक मामले में युवती के परिवार वालों ने बताया कि घटना बीते 19 नवंबर की है, जब सुबह वह अपने कमरे में अकेले मौजूद थी, इसी दौरान उसने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया. जिसके बाद उसे ईलाज के लिए सारंगढ़ सीएचसी में भर्ती कराया गया था, जहां से उसे रायगढ़ रेफर कर दिया गया. घटना के बाद से ही युवती को अभी तक होश नहीं आया है और वह दस दिन से भी ज्यादा समय से आईसीयू में भर्ती है. परिवार वालों के अनुसार होश आने के बाद ही इस बात की जानकारी मिल सकती है कि उसने आत्महत्या की कोशिश क्यों की थी. हालांकि यह बात जरूर सामने आई है कि परिवार के लोग अगले साल उसकी शादी करने की योजना बना रहे थे। जिससे वह परेशान थी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## आरओबी के नीचे दोनों ओर सीढ़ी की उठ रही मांग

रायगढ़। रायगढ़ शनि मंदिर से गोगा मिल चौक तक बने रेलवे ओवर ब्रिज में रेलवे क्रासिंग के दोनों ओर पैदल यात्रियों की आवाजाही काफी तादात में होती है जिस वजह से पैदल जाने वाले लोगों को गाडियों के गुजरते समय काफी इंतजार करना पड़ता है साथ ही साथ आए दिन जानलेवा दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं हाल ही में एक महिला लाइन पार करते रेल की चपेट में आ गई थी जिसे शहर के जागरूक पत्रकार द्वारा मौके में पहुंच कर सांस चल रही होने के कारण से मानवीय सहायता कर चिकित्सा उपलब्ध करवाई थी ऐसी ही दुर्घटनाओं को ध्यान में रख कर किसी प्रकार की अनहोनी से बचने के लिए और लोगों की आवाजाही को दृष्टि में रखते हुए नगर कांग्रेस अध्यक्ष शाखा यादव ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से क्रासिंग के दोनों ओर सीढ़ी निर्माण की मांग की है।

**तत्काल आवश्यकता है**

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

**ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग**

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें ....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

**न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की**

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090




SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

आवश्यकता

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य बिन्दु

पीड़ित संपर्क करें

अन्य बिन्दु

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career School, Raigarh, C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931